RNI No. : UPHIN/2017/74695

डाक पंजीकरण सं. :
एस.एस.पी./एल.डब्लू./एन.पी. - 558/2021-2023

स्टूडियो न्यूज

वर्ष : 5 अंक : 06 | लखनऊ, सोमवार, 6 दिसम्बर 2021 से 5 जनवरी 2022 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 10 रूपये

महान विभूतियाँ
राकेश सयाल

studionewsindia
स्टूडियो न्यूज
studionewslive

सम्पादक की कलम से ...

मेरे फोटोग्राफर साथियो,

स्टूडियो न्यूज़ के दिसंबर 2021 अंक के साथ हम आपके समक्ष हैं। 2021 अपने आखिरी पड़ाव की ओर है और 2022 नयी सम्भावनाओं के साथ हम सभी का स्वागत कर रहा है। प्रत्येक गुजरते समय के साथ, समय हमको अच्छे और बुरे दोनों अनुभव कराता है, अच्छे अनुभवों से हमें अच्छे कार्य करने के लिए ऊर्जा मिलती है तथा बुरे अनुभव हमें कुछ नया सिखाते हैं। इसी प्रकार 2021 हमें मिले-जुले अनुभवों के साथ विदा ले रहा है। समय के साथ फोटोग्राफी व्यवसाय में भी हमें नए आयाम देखने को मिल रहे हैं, कम्पनियों के नए इक्विपमेंट मार्केट में आने एवं इवेंट, वेडिंग इत्यादि कार्यक्रम आयोजित होने से फोटोग्राफी व्यवसाय को भी गति मिलती नज़र आ रही है।

साथियो कम्पनियों ने नए-नए उत्पाद मार्केट में उतारे हैं जैसे **DJI** के **Mavic 3** सिने ड्रोन, **Samyang** के नए लेंस, पैनासोनिक के नए लेंस, **Aptolux** की फोटो और वीडियो के लिए मॉडुलर **LED** लाइट्स, कैमरा कंपनियों द्वारा इंस्टेंट कैमरा, **Nikon** के नए लेंस निक्कोर **Z 28mm F2.8**, सोनी के **S1** प्रोफेशनल ड्रोन तथा लेंस को ठण्ड में धुंध से बचने के लिए **USB** पॉवर्ड लेंस रैप इत्यादि। तकनीक के साथ-साथ फोटोग्राफी व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी चलना होगा अन्यथा आप अपने व्यवसाय को आगे नहीं ले जा पाएंगे। अपने व्यवसाय के अनुसार आपको क्या इक्विपमेंट लेना है ये आपका अपना विवेक है। सर्वप्रथम आप नयी तकनीक को जाने तथा वो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कैसे सहायक होगी ये आंकलन करें, इसके पश्चात ही उसको ले। कैमरे के पीछे खड़ा व्यक्ति ज्यादा मायने रखता है लेकिन इक्विपमेंट भी अपना महत्व रखते हैं। व्यक्ति और कैमरा दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

फोटोग्राफी व्यवसाय का दायरा बहुत विस्तृत हो गया है, फोटोग्राफर्स साथियो को भी कला एवं व्यवसायिकता का सामंजस्य बैठाते हुए कार्य करना होगा तभी आज के समय में आप अपनी कला को लोगों तक पहुँचा पाएंगे। साथियो लोगो के कार्य को देख कर उससे सीखिए परन्तु उसकी नक़ल करने की कोशिश मत कीजिये क्योंकि नक़ल करना एक शार्ट कट रास्ता है जो आपसे आपकी क्रिएटिविटी को समाप्त कर देता है। फोटोग्राफी व्यवसाय की आत्मा है कला, जब तक कला है तभी तक हम कलाकार है, अगर वो समाप्त हो गयी तो फोटो का भी वही हाल होगा जैसे बिना आत्मा के शरीर।

आप और आपका परिवार स्वस्थ रहे, नव वर्ष में आप सभी नयी ऊर्जा के साथ प्रवेश करे ऐसी ईश्वर से कामना करते हैं। शेष अगले अंक में।

सुरेंदर सिंह बिष्ट
सम्पादक

आर. प्रसन्ना वेंकटेश द्वारा फोटोग्राफी वर्कशॉप

27 नवम्बर 2021 को कोयम्बटूर में मास्टर ट्रेनर आर. प्रसन्ना वेंकटेश द्वारा एडवांस फोटोग्राफी एवं लाइटनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

अवध फोटोग्राफिक सोसायटी द्वारा 2nd APS राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता

द्वितीय एपीएस राष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता में कलर जनरल, मोनोक्रोम, फोटो ट्रैवल, फोटो जर्नलिज्म और वाइल्ड लाइफ थीम थी। जिसमें 105 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पूरे देश से प्रविष्ठियां आई थी। 80 मेडल, रिबन और सर्टिफिकेट थे। ज्यूरी मेंबर्स में पटना के वरिष्ठ फोटोग्राफर डा. बरूण कुमार सिन्हा, लखनऊ के वरिष्ठ फोटोग्राफर सुबीर रॉय तथा दिल्ली की सोना बेनीवाल उपस्थित थे। लखनऊ के विकास बाबू को फोटो ट्रेवल में FIP गोल्ड मेडल तथा फोटो जर्नलिज्म में बेनुसेन मेमोरियल अवार्ड मिला। अवार्डेड पिक्चर की प्रदर्शनी फरवरी 2022 में आयोजित की जाएगी। सेलन सेक्रेटरी अरूणा सिंह और सेलन चैयरमैन श्री लोकेश कुमार रस्तोगी थे।

अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

अब है कोडैक के पास सिंगल यूज़ कैमरा ट्राई-एक्स 400 फिल्म के 27 फ्रेम के साथ प्री लोडेड

यदि आप सिंगल यूज़ कैमरे व ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी के शौकीन हैं तो कोडैक के पास एक नया प्रोडक्ट जो यकीनन आपको पसंद आएगा। कोडैक प्रोफेशनल ने एलान किया है नए सिंगल यूज़ फिल्म कैमरे को जो कि ट्राई-एक्स 400 फिल्म के 27 फ्रेम के साथ प्री लोडेड है।

सोनी एयरपीक S1 प्रोफेशनल ड्रोन

सोनी ने अपने एयरपीक S1 ड्रोन का एलान किया है और अब यह प्री ऑर्डर पर उपलब्ध है। एक साल तक सोनी ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के बाद अब सोनी का पहला प्रोफेशनल ड्रोन मार्केट में बिकने को उपलब्ध है, लेकिन यह सस्ता हरगिज नहीं होगा। एयरपीक S1 को सोनी विश्व का पहला सबसे छोटा ड्रोन भी बता रहा है, व इसे फुल साइज मिररलेस इंटरचेंजेबल लेंस अल्फा कैमरे के साथ प्रयोग कर सकते हैं। एयरपीक S1 सोनी के कई मिररलेस कैमरे के साथ कम्पैटिबल है, जैसे कि ए1, ए75 सीरीज़, ए7आर सीरीज़, FX3 व अन्य E माउंट मिररलेस कैमरा इत्यादि।

SAMYANG ने एलान किया थ्री T1.3 'Meister' सिने प्राइम्स, 50mm T2.3 2x एनामॉर्फिक लेंस

यह Samyang फ्लैगशिप XEEN सिने लेंस हैं। इन तीनों 'Meister' प्राइम्स में कलर मैच करता है व फीचर्स भी लगभग एक प्रकार हैं। इसे फिल्टर्स की हॉट स्वैपिंग, फोकस सिस्टम इत्यादि आसानी से हो जाएगा।

Atomos ने 8K प्रोरेस रॉ रिकॉर्डिंग को कैनन के EOS R5, 5.9K प्रोरेस रॉ को पैनासॉनिक BS1H से जोड़ा

Atomos ने अपने निंजा वी व निंजा वी+ के लिए एक अपडेट का एलान किया है जो कि कैनन के EOS R5, पैनासॉनिक के ल्यूमिक्स BS1H और सोनी FS सीरीज़ कैमरों के लिए

नया प्रो रेस रॉ रिकॉर्डिंग ऑप्शन लेकर आया है। Atomos वर्जन 10.71 भी Atomos के नए निंजा वी+ के साथ AtomX कास्ट हार्डवेयर के लिए सपोर्ट जोड़ता है।

वेस्टर्न डिजिटल माई क्लाउड OS के पुराने वर्जन से सपोर्ट खत्म कर रहा है, कई उत्पादों पर प्रभाव

वेस्टर्न डिजिटल ने एलान किया है कि यह माई क्लाउड OS की पहली जनरेशन के लिए सपोर्ट खत्म कर रहे हैं, इसमें माई क्लाउड 2 OS व 3 भी शामिल हैं। कंपनी ने यह भी बताया कि माई क्लाउड OS 5 से कम्पैटिबल डिवाइस भी माई क्लाउड OS की पहली जेरनेशन को सपोर्ट नहीं देंगी।

ठंड में आपके लेंस को धुंध से बचाएगा USB पॉवर्ड लेंस रैप

क्या आप कभी सर्दी के मौसम में बाहर शूट पर गए हैं? शूट के दौरान जैसे ही आप खूबसूरत दृश्य कैमरे में उतारने चलते होंगे तो लेंस पर धुंध जमने का अनुभव भी किया ही होगा। यदि ऐसा है तो यह प्रोडक्ट आपका दिल खुश कर देगा। हाकुबा फोटो का यह प्रोडक्ट आपके लेंस पर धुंध नहीं जमने देगा। इसका नाम है हाइदा एंटी फॉग बेल्ट। यह यूएसबी से चलने वाला एक छोटा सा हीटर है जिसमें यदि आप अपने लेंस लिपटा कर रख दें तो ये आपके ऑप्टिक्स को साफ रखेगा।

निकॉन ने रिलीज किया नॉन SE निक्कॉर जेड 28mm F2.8

निकॉन ने निक्कॉर जेड 28mm F2.8 को औपचारिक रूप से रिलीज कर दिया है। यह लेंस का नॉन SE वर्जन है। पहले के SE वर्जन व इस वर्जन में एक ही फर्क है और वह है कॉस्मेटिक का। पहले वाले लेंस के मुकाबले नया लेंस मॉर्डन स्टाइल में ब्लैक प्लास्टिक में है।

फूजीफिल्म का नया इंस्टैक्स मिनी इवो हाइब्रिड एक इंस्टैंट कैमरा है 10 इंटीग्रेटेड लेंस व 10 फिल्म इफैक्टस के साथ

फूजीफिल्म ने नए इंस्टैंट कैमरे का एलान किया है, इंस्टैक्स मिनी इवो हाइब्रिड। यह डिजिटल कैमरे के गुणों को इंस्टैक्ट

एनालॉग फिल्म प्रिंटिंग संग जोड़ता है। इस कैमरे में 10 इंटीग्रेटेड लेंस व 10 फिल्म इफेक्ट ऑप्शन हैं।

Aptolux ने फोटो व वीडियो के लिए मॉड्यूलर LED लाइटिंग लॉन्च की

वीडियोग्राफर्स के लिए लाइटिंग सॉल्यूशन क्रिएट करने की नई कंपनी है Aptolux। Aptolux MP-1 इसका पहला प्रोडक्ट है। यह एक मॉड्यूलर LED लाइट है जो कि जब इस्तेमाल नहीं हो रही हो तो एक लंचबॉक्स जितनी छोटी हो जाएगी। यह ब्राइट लाइट देती है।

पैनासॉनिक ने ल्यूमिक्स S 35mm F1.8 स्टैंडर्ड प्राइम लेंस का एलान किया

पैनासॉनिक ने ल्यूमिक्स S 35mm F1.8 का एलान किया है। यह लीका / पैनसॉनिक / सिग्मा L माउंट के फुल फ्रेम प्राइम लेंस के रेंज में नया है।

SAMYANG ने एलान किया 12mm F2 AF लेंस फूजीफिल्म X माउंट कैमरे के लिए

SAMYANG ने फूजीफिल्म X माउंट कैमरे सिस्टम के लिए 12mm F2 AF लेंस का एलान किया। यह फुल फ्रेम के साथ साथ 18mm तक फोकल लेंथ भी देता हैं। यह APS-C सोनी E माउंट 12mm F2 लेंस का संसोधित रूप प्रतीत होता है।

DJI का मैविक 3 व मैविक 3 सिने ड्रोन में है 4/3" CMOS सेंसर 28x जूम व 46 मिनट का फ्लाइट टाइम

DJI ने मैविक 3 का एलान किया है जो कि बेहद छोटा ड्रोन है। इसमें कैमरा भी है जिसमें 20MP फोर थर्ड फॉर्मेट CMOS सेंसर इत्यादि है।

STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसम्बर 2021 से 5 जनवरी 2022

मुझे शब्दों की अपेक्षा चित्र अधिक विश्वसनीय लगते हैं। - गिल्स पेरेज

इन द हार्ट ऑफ एक्शन "EOS R3"

कैनन EOS R3 को इस तरह से तैयार किया गया है कि वह किसी भी रफ्तार से होने वाले एक्शन को खींच सके, साथ ही जो पेशेवर उच्च स्तर की विश्वसनीयता चाहते हैं उनके लिए यह एक बेहतरीन कैमरा है। इस कैमरे के जरिए खेल, वाइल्डलाइफ, शादी, फिल्म को बेहतरीन गुणवत्ता के साथ शूट किया जा सकता है।

हाई इमेज गुणवत्ता 24.1 मेगापिक्सल के साथ

BACK ILLUMINATED STACKED 24.1 MEGA PIXELS CMOS SENSOR
EXCEPTIONAL QUALITY

EOS R3 24.1 मेगापिक्सल बेहतरीन CMOS सेंसर के साथ आता है। जिसमे DIGIC X प्रोसेसर लगा है। सेंसर कैमरे के डेटा को काफी तेज गति से प्रसंस्करण करता है, यह पिछले EOS मॉडल की तुलना में काफी बेहतर है। DIGIC X इमेज प्रोसेसर EOS R3 के जरिए ISO 100 - ISO 102,400 तक बेहतरीन तस्वीर खींच सकता है। ज्यादा ISO के जरिए आप इस कैमरे का इस्तेमाल कम रोशनी में भी बेहतरीन तस्वीर खींचने में कर सकते हैं, इसमें आपको कैमरे के हिलने की भी चिंता नहीं करनी होगी।

इलेक्ट्रॉनिक शटर की मदद से 30fps पर भी हाई स्पीड तस्वीरें

WITH AF/AE TRACKING Upto 30 frames per second
BLAZING FAST CAPTURES

EOS R3 लगातार तेज रफ्तार में हो रहे एक्शन को भी 30 फ्रेम प्रति सेकेंड की रफ्तार से बेहतरीन गुणवत्ता की तस्वीर आपको दे सकता है। ऐसी स्थिति में जब शटर की आवाज काम में बाधा ला सकती है, ऐसी जगह पर EOS R3 हाई स्पीड बर्स्ट शूटिंग मोड AF/AE पर बेहतरीन रफ्तार से काम करता है, अच्छी बात है कि 30 फ्रेम प्रति सेकेंड पर शटर की आवाज लगभग नहीं के बराबर होती है। इलेक्ट्रॉनिक शटर के जरिए आप अधिक से अधिक अपर्चर का इस्तेमाल अच्छी लाइट में कर सकते हैं, इसके जरिए 1/64000 सेकेंड तक भी शूट किया जा सकता है। इस नए कैमरे में 5760000 डॉट्स हाई स्पीड व्यूफाइंडर है, इसके जरिए लगातार शूटिंग मोड पर बेहतरीन डिस्प्ले को देखा जा सकता है।

आई कंट्रोल AF और डुअल पिक्सेल CMOS AF II के साथ सटीक फोकसिंग

EYE CONTROL AF

आई कंट्रोल AF EOS R3 में सबसे अलग और खास है। इसे आंखों की पलक से नियंत्रित किया जा सकता है। आप व्यूफाइंडर से जहाँ देखते हैं और पलक झपकाते हैं कैमरा वहीं फोकस करता है। आप आंखों से ही एक फोकस से दूसरे फोकस प्वाइंट पर फोकस कर सकते हैं। यानि आप किसी भी एक्शन को आसानी से AF शूटिंग के दौरान बिना रूके फोकस कर सकते हैं।

डुअल पिक्सेल CMOS AF II 100% x 100% क्षेत्र में काम करता है और AF फ्रेम भी 1053 प्वाइंट्स तक मिलता है, जिसकी मदद से आप अपनी तस्वीर में मॉडल की आंख, शरीर, चेहरे, सिर आदि को आसानी से शूट कर सकते हैं। जब शूटिंग में काफी चुनौती हो तो यह कैमरा अंधेरे में भी EV -7.5 तक फोकस कर सकता है। इसमें इमेज स्टैबिलाइजेशन भी लगा है, जो तस्वीरों को ब्लर नहीं होने देता है।

6K 60p RAW 12-बिट और 4K 120p 10-बिट पर बेहतरीन मूवी

6K 60p 12-BIT RAW
CINEMATIC RESOLUTION

EOS R3 ना सिर्फ बेहतरीन तस्वीर बल्कि लाजवाब वीडियो भी शूट करता है। यह कैमरा 6K 60p RAW 12-बिट या फिर 4K 120p 10-बिट मूवी को फुल फ्रेम एंगल पर कैनन लॉग 3 के जरिए शूट कर सकता है। यह 4K 60p को RAW मूवी में शूट कर सकता है। इसकी मदद से आप बेहतरीन सिनेमैटिक वीडियो शूट कर सकते हैं।

IBIS X OIS 8 स्टॉप्स तक हाथ से ही स्थिर शूटिंग की जा सकती है

EOS R3 5-एक्सिस IBIS के साथ आता है। इससे ना सिर्फ क्लीयर और स्पष्ट शूटिंग होती है बल्कि कम शटर स्पीड पर भी इससें उच्च गुणवत्ता की मूवी हाथ से ही शूट कर सकते हैं। आप फिर इस कैमरे को IS लेंस के साथ इस्तेमाल करें या फिर ऐसे ही यह बेहतरीन वीडियो शूट करता है।

5-एक्सिस स्टैबिलाइजेशन सिस्टम वाइड एंगल से लेकर टेली लेंस पर काम करता है। हाथ से शूटिंग के दौरान इस्तेमाल में यह कैमरा बेहतरीन है, इसके जरिए आप स्थिर तस्वीरें अलग-अलग एंगल पर शूट कर सकते हैं।

दो कार्ड का विकल्प - CFexpress और SD UHS-II के स्लॉट के साथ उपलब्ध है

EOS R3 आपको CFexpress और SD UHS-II कार्ड स्लॉट का विकल्प देता है। CFexpress कार्ड से आप काफी रफ्तार से ट्रांसफर कर सकते हैं। इससे कैमरा काफी तेज गति से काम करता है और 30 फ्रेम प्रति सेकेंड पर शूट कर सकता है, साथ ही 6K RAW मूवी भी शूट कर सकता है। EOS R3 में उच्च गुणवत्ता वाली लीथियम बैटरी LP-E19 का इस्तेमाल किया गया है।

बेहतरीन कनेक्टिविटी

EOS R3 को आप लैन, यूएसबी, वाई-फाई और ब्लूटूथ से कनेक्ट कर सकते हैं। इसमे 5GHz वाई-फाई और ब्लूटूथ है, जिससे कैमरे से तस्वीरों और वीडियो को आसानी से दूसरी डिवाइस से कनेक्ट करता है। आप इसके जरिए आसानी से फोन, लैपटॉप आदि पर तस्वीरें ट्रांसफर कर सकते हैं।

जीपीएस

इस कैमरे में जीपीएस लगी हुई है, जिसकी मदद से आप आसानी से तस्वीरों और वीडियो में लोकेशन की टैगिंग कर सकते हैं।

इस्तेमाल में आसान और विश्वसनीय

EOS R3 की डिजाइन काफी बेहतरीन होने के साथ ही इसका उपयोग करने को भी आसान बनाया गया है। इस कैमरे की हाथ में ग्रिप काफी अच्छी है। इसमे लगी वर्टिकल ग्रिप कैमरे के इस्तेमाल को आसान बनाती है। इसके जरिए लैंडस्केप और पोर्ट्रेट दोनों को आसानी से क्लिक किया जा सकता है।

डिवाइस को जोड़ना आसान

नये मल्टी फंक्शन शू से कई सारी एसेसरीज, खास EOS R3 को समर्पित डिवाइस से जोड़ी जा सकती है।

नई पीढ़ी के कैनन RF लेंस

RF लेंस की रेंज कैनन के कैमरों को और भी बेहतर करता है। इन लेंस को इस तरह से तैयार किया गया है कि 54mm के डाइमीटर RF माउंट पर इस्तेमाल किया जा सकता है। RF लेंस 12 हाई स्पीड संचार पिन के जरिए काफी तेज रफ्तार से डेटा को ट्रांसफर करता है। फोकस रिंग और जूम रिंग में बदलाव की जगह इसमे बिल्कुल नए कंट्रोल रिंग दिया गया है, जिसके जरिए बेहतरीन तस्वीरें क्लिक की जा सकती हैं। इसमे माउंट एडॉप्टर EF-EOS R लग सकता है जिससे EOS सिस्टम को और भी ज्यादा विकल्प देता है।

महान विभूतियाँ



राकेश सयाल

Hon. FIIPC, AFIAP, Hon. FAPF, GM TPAS, Hon. MLMG

(27 अगस्त 1950 - 30 नवम्बर 2021)

30 नवंबर 2021 को हमारे अति प्रतिभावान व वरिष्ठ फोटो आर्टिस्ट राकेश सयाल जी हम सबको छोड़कर चले गए। इतनी जल्दी उनका जाना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा। उनके परिवार में अब उनकी पत्नी किरन जी, बेटा प्रणव सयाल, बहू व पोता कुवम सयाल हैं। अपने परिवार से वह दिली तौर से जुड़े हुए थे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवारीजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें, व राकेश जी की आत्मा को शांति प्रदान करे। मैं हमेशा मानता हूँ कि कलाकार की कभी मृत्यु नहीं होती, वह हमेशा जीवित रहते हैं।

राकेश जी का जन्म पंजाब के लुधियाना में हुआ था व पूरी पढ़ाई यहीं हुई। वह आर्य हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़े व इसके बाद लुधियाना गर्वमेंट कॉलेज में। उन्होंने यहीं बसने की सोची और 1977 में अपना प्रिंटिंग प्रेस का बिजनेस शुरू किया। कॉलेज के दिनों में वह पेंटिंग पर हाथ आज़मा चुके थे, इसलिये उन्हें कला एवं कलात्मकता का अनुभव था।

सन 1979 में उनका परिचय फोटोग्राफी से हुआ और भावों को ज़ाहिर करने के इस नए माध्यम को जान समझ कर वह सम्मोहित हो गए। पूरे दिल व जोश से उन्होंने इसे सीखा, देश व विदेश में हुई फोटो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, तथा



STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसम्बर 2021 से 5 जनवरी 2022

फोटोग्राफी जीवन को प्रकाशमय करने का एक साधन है। - सैम एबल

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफिक प्रतियोगिताओं में 300 से अधिक अवॉर्ड अपने नाम किये। वर्ष 1991 से 1998 के बीच फेडरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफी व इंडिया इंटरनेशनल फोटोग्राफिक काउंसिल ने उन्हें IIPC व FIP के Who's Who में अव्वल नम्बर पर रखा, 1998 में IIPC द्वारा उन्हें प्लैटिनम एक्जिबिटर अवॉर्ड से नवाजा गया। वो अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी सैलून के ज्यूरी का हिस्सा भी रहे।

बात डायमेंशन की हो, टैक्सचर की हो, लाइट हो या भाव, राकेश सयाल जी का मुकाबला था ही नहीं। वह भारत में चंद प्रतिभाशाली फोटोग्राफर्स में गिने जाते थे। 1975 में उन्होंने कैमरे को थामा, फोटोग्राफी की दुनिया से अत्यंत प्रभावित हुए और फिर कभी मुड़कर नहीं देखा। स्टिल लाइफ व पोट्रेचर फोटोग्राफी में अपना सिक्का जमाया। उन्होंने राकेश सयाल स्कूल ऑफ फोटोग्राफी की भी शुरूआत की।

सांसो एवं धड़कनों की संख्या से जीवन नहीं तोला जाता, परन्तु ऐसे अभूतपूर्व व अनमोल पलों को बनाना चाहिये जिससे धड़कनें थम सी जाए। यही राकेश जी ने किया। अपने काम में ऐसी जान फूंकी कि कई धड़कनें थम गईं। राकेश जी की स्टिल लाइफ बहुत ही उम्दा है। उनकी रचनाओं में उनका खुद का सिग्नेचर स्टाइल है। रचनात्मकता व तकनीकों को चुनौती देती उनके पोट्रेट भी लाजवाब हैं। गज़ब बैकग्राउंड देते हुए उन्होंने स्टूडियो के अंदर व बाहर सवर्श्रेष्ठ पोट्रेट रचे हैं।

राजेश जी के लिए तो सफलता एक यात्रा थी, अंत नहीं। 45 वर्ष के अनुभव के साथ अपनी प्रतिभा के मिश्रण संग राकेश जी बेहद जोश में अपना काम करते थे। उनका टैलेंट ही था कि इस क्षेत्र में वह जो भी करते वह बहुत प्रसिद्ध हो जाता। उनमें कुछ जादू था।

उनके नाम कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड हैं। 2020 में इंडिया इंटरनेशल फोटोग्राफिक काउंसिल द्वारा Hon. Fellowship, 1994 में नई दिल्ली में ऑल इंडिया फाइन आर्ट व क्राफ्ट सोसाइटी द्वारा AIFACS अवॉर्ड, आर्टिस्ट ऑफ फेडरेशन इंटरनेशनल डी-लॉ आर्ट फोटोग्राफिक हॉनर बार्सिलोना स्पेन में सन 1994 में, लेंस मास्त्रो ग्रुप द्वारा 2021 में इंदौर में Hon. MLMG, 2020 में ट्राईसिटी फोटो आर्ट सोसाइटी, चंड़ीगढ़ में ग्रैंड मास्टर अवार्ड से नवाजा। सन 1991 से 1998 तक फेडरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफी व इंडिया इंटरनेशनल फोटोग्राफिक काउंसिल ने उन्हें टॉप 10 एक्जिबिटर्स में नंबर 1 पर रखा। सन 1998 में उन्हें IIPC द्वारा प्लैटिनम एक्जिबिटर्ज अवॉर्ड से नवाजा गया था।

मेरा दो बार राकेश जी से मिलना हुआ और मुझे वह एक बहुत ही शालीन व्यक्ति लगे, ज़मीन से जुड़े हुए, हमेशा अपना ज्ञान व अनुभव दूसरों के साथ साझा करने के इच्छुक। 2008 में जब लखनऊ कैमरा क्लब ने लखनऊ में एफआइपी के कनवेंशन का आयोजन किया था, तब मैंने उन्हें स्टिल लाइफ व टेबल टॉप कार्यशाला लेने के लिए बतौर फैकल्टी सदस्य शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ ज़रूरी काम के चलते वह नहीं आ सके।

राकेश जी जैसे कला के धनी व्यक्ति बहुत कम ही होते हैं। अपनी कृतियों के जरिए वह हम सब के बीच अभी भी जीवित हैं।

अनिल रिसाल सिंह
MFIAP (France), ARPS (Great Britain), Hon.FIP (India), Hon.LCC (India), FFIP (India), AIIPC (India), Hon.FSoF (India), Hon.FPAC (India), Hon.TPAS (India), Hon.FSAP (India), Hon.FICS (USA), Hon.PSGSPC (Cyprus), Hon.FPSNJ (America), Hon. Master-TPAS (India), Hon. Master-SAP (India), Hon.FWPAI (India), Hon.FGGC (India), Hon.GA-PSGSPC (Cyprus)
पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इण्डियन फोटोग्राफी

NIKITA DISTRIBUTORS
Head Office: FL-1B, Plot No. 410/2, Green Terrace, Near Vidyut Nagar, Lane No. 5, South Koregaon Park, Pune - 411001, MH, India
Tel: + 91 20 66050600, Toll Free Number: 18002668571, E-mail: raman.jpa@gmail.com, Web: www.imaginext.co.in
Branch Offices: Ahmedabad - 7600315392, 8238411811, Bangalore - 9686884944, Chennai - 8056216181, Delhi - 9268759295, Lucknow - 8090429901
Hyderabad - 7727045727, 8885867860, Kerala - 73560 53265, 9562912929, Kolkata - 9730134765, Mumbai - 9657255223, Punjab - 9717923994
BAJAJ FINSERV EMI FINANCE
No Cost EMI | No Processing Fees

STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 दिसम्बर 2021 से 5 जनवरी 2022

कोई भी जगह बोरिंग नहीं होती है अगर रात में आपने भरपूर नींद ली है और जेब में रोल है। -रॉबर्ट एडम्स

FEATURES:
- Monster Output, Variable Color Temperature
- Quality Color Rendering, Versatile Application
- Highly Compact, Bowens Mount, Intuitive User Interface
- Multiple Control Methods

GODOX-INDIA 1 YEAR OFFICIAL WARRANTY

SL100 Bi
SL Series Video Light

SL150 Bi
Bi-Color Video Light

FEATURES:
- Variable Color Temperature for Flexible Creativity
- Silent Mode, Built-in 9 FX Effects
- Easy Wireless Control
- Bowens Mount

GODOX-INDIA 2 YEAR OFFICIAL WARRANTY

FEATURES:
- Zoom Easily, Film Efficiently, Reliable Color Rendering
- Variable Color Temperature, Built-in FX Effects
- Silent Mode, Intuitive Interface
- Easy to Control

GODOX-INDIA 2 YEAR OFFICIAL WARRANTY

SZ200 Bi
Zoomable Bi-color Video Light

Extend Your Reach with Bi-color
ML60Bi
Bi-color Video Light

FEATURES:
- Variable Color Temperature
- Reliable Color Rendering, Built-in FX Effects
- Compatibility with Numerous Modifiers
- Multiple Control Methods, Power Anywhere

GODOX-INDIA 2 YEAR OFFICIAL WARRANTY

NIKITA DISTRIBUTORS

Head Office: FL-1B, Plot No. 410/2, Green Terrace, Near Vidyut Nagar, Lane No. 5, South Koregaon Park, Pune - 411001, MH, India
Tel: + 91 20 66050600, Toll Free Number: 18002668571, E-mail: raman.jpa@gmail.com, Web: www.imaginext.co.in

Branch Offices: Ahmedabad - 7600315392, 8238411811, Bangalore - 9686884944, Chennai - 8056216181, Delhi - 9268759295, Lucknow - 8090429901
Hyderabad - 7727045727, 8885867860, Kerala - 73560 53265, 9562912929, Kolkata - 9730134765, Mumbai - 9657255223, Punjab - 9717923994

BAJAJ FINSERV EMI FINANCE
No Cost EMI | No Processing Fees

RNI No. : UPHIN/2017/74695, **स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक** - सुरेंदर सिंह बिष्ट, शॉप नं. 3, शान्ति मार्केट, लक्ष्मणपुरी गेट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226016 द्वारा ज्ञान प्रिंटर्स, 207, 208 लेखराज मार्केट-2, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 से प्रकाशित।
सम्पादक - सुरेंदर सिंह बिष्ट, फोन - 0522-4108575, ई-मेलः mailtostudionews@gmail.com, वेबसाइट : www.studionews.co.in